**मौसम का मिजाज** | बदलते मौसम के साथ बढ़ रही बीमारियां

# कभी गर्मी, कभी ठंडी और आंधी-तूफान से आमजन परेशान



**जबलपुर, नवभारत।** पिछले दो दिनों से मौसम में लगातार बदलाव देखने को मिल रहा है। कभी तेज़ गर्मी तो कभी अचानक ठंडी हवाएं और आंधी-तूफान ने लोगों की दिनचर्या को प्रभावित कर दिया है। इस बदलते मौसम का असर अब लोगों की सेहत पर भी साफ नजर आ रहा है। अस्पतालों में सर्दी-खांसी, बुखार और वायरल संक्रमण के मरीजों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। खासकर बच्चे और बुजुर्ग इस मौसम से ज्यादा प्रभावित हो रहे हैं। अस्पतालों और क्लीनिकों में मरीजों की भीड़ देखने को मिल रही है। डॉक्टरों का कहना है कि इस तरह के बदलते मौसम में लोगों को विशेष सावधानी रखने की जरूरत है। समय-समय पर पानी पीना, संतुलित आहार लेना और मौसम के अनुसार कपड़े पहनना जरूरी है।यदि समय रहते सावधानी नहीं बरती गई, तो ये छोटी बीमारियां बड़े खतरे का रूप ले सकती हैं। इसलिए सभी को अपनी सेहत का खास ध्यान रखने की सलाह दी जा रही है।

### मरीजों की संख्या में बढ़ोत्तरी

नवभारत टीम ने बढ़ती बीमारियों को लेकर शहर के कई अस्पतालों और क्लीनिकों में जाकर जाँच-पड़ताल की। इस दौरान देखा गया कि मरीजों की संख्या में लगातार बढ़ोतरी हो रही है और अधिकतर लोग सर्दी-खांसी, बुखार व वायरल संक्रमण की शिकायत लेकर पहुंच रहे हैं। डॉक्टरों ने भी माना कि बदलते मौसम का असर सीधे तौर पर लोगों की सेहत पर पड़ रहा है।

### इनका कहना है



बदलते मौसम से लोगों की सेहत पर असर पड़ रहा है। सर्दी-खांसी और बुखार के मरीज तेजी से बढ़ रहे हैं।

**नैना प्रजापति**



कभी गर्मी तो कभी ठंडी ने लोगों को परेशान कर दिया है। अस्पतालों में मरीजों को कई बीमारियों का सामना करना पढ़ रहा है।

**सरिता कसेरा**



मौसम में अचानक बदलाव से बीमारियां फैल रही हैं। बच्चे और बुजुर्ग सबसे ज्यादा प्रभावित हो रहे हैं।

**रिमझिम पटेल**



डॉक्टरों ने बदलते मौसम में सावधानी बरतने की सलाह दी है। लापरवाही छोटी चीज़ को बड़ा बना सकती है।

**विवेक प्रजापति**

## महिला को लगाई 15 लाख की चपत

**जबलपुर।** बेलखेड़ा थाना क्षेत्र में एक शातिर आरोपी ने उधारी चुकाने के नाम पर एक महिला को 15 लाख रुपये तो दिए, लेकिन जब महिला बैंक पहुंची तो उसके होश उड़ गए। गड्डियों में ऊपर-नीचे तो 500 के असली नोट थे, पर बीच में बच्चों के खेलने वाले चिल्ड्रन बैंक ऑफ इंडिया के खिलौना नोट भरे हुए थे। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ के खिलाफ धोखाधड़ी की एफआईआर दर्ज कर ली है। पुलिस के मुताबिक गिधउ मोहल्ला निवासी गायत्री बाई लोधी (38) की गांव में ही छोटी किराना दुकान है। ग्राम सुंदरादेही निवासी आनंद सिंह ठाकुर से उनके पुराने पारिवारिक संबंध थे। आनंद ने पिछले 3 वर्षों के दौरान गायत्री बाई से समय-समय पर काफी पैसे उधार लिए थे, जिन्हें वह वापस नहीं कर रहा था। आरोपी आनंद ने पीड़िता को झांसा देने के लिए पहले फोन पर कहा कि उसका मोबाइल क्राइम ब्रांच में जब्त है। इसके बाद 27 मार्च की रात करीब 10 :30 बजे उसने अपने तीन साथियों वीरू, अनुज और आर्यन को गायत्री के घर भेजा। अनुज ने घर के भीतर जाकर गायत्री को एक थैला सौंपा और कहा कि इसमें आपके 15 लाख रुपये हैं। गायत्री ने गड्डियों के ऊपर 500-500 के असली नोट देखकर उन पर भरोसा कर लिया। अगले दिन जब गायत्री बाई इन रुपयों को जमा करने पोस्ट ऑफिस पहुंचीं, तब अधिकारियों ने बताया कि ये पैसे नकली हैं। गड्डियों की बारीकी से जांच करने पर पता चला कि केवल ऊपरी और निचली सतह पर असली नोट चिपकाए गए थे, जबकि अंदर खिलौना नोट थे। जब पीड़िता शिकायत लेकर आरोपी के घर पहुंची, तो आनंद ने पैसे लौटाने के बजाय उनके साथ अभद्रता की और शिकायत करने पर जान से खत्म करने की धमकी दी। पुलिस ने रिपोर्ट पर एफआईआर दर्ज कर ली है।

### निगमायुक्त एवं मुख्य जनगणना अधिकारी ने की जनगणना कार्यों की समीक्षा

## डाटा सटीक और त्रुटिहीन हो, लापरवाही बर्दाश्त नहीं



**जबलपुर।** जनगणना कार्यों में लाएं गति, समय-सीमा का विशेष ध्यान रखें। राष्ट्र के विकास में जनगणना की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है, इसलिए इसमें किसी भी प्रकार की शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। प्रगणकों द्वारा एकत्रित किया जा रहा डाटा पूरी तरह सटीक और त्रुटिहीन होना चाहिए, ताकि भविष्य की योजनाओं के लिए सही आंकड़े उपलब्ध हो सकें। यह बातें नगर निगम के आयुक्त एवं मुख्य जनगणना अधिकारी राम प्रकाश अहिरवार ने रविवार को जनगणना कार्यों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा के दौरान कहीं। उन्होंने सभी संभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि आवंटित क्षेत्रों में जनगणना के प्रत्येक चरण को निर्धारित समय-सीमा के भीतर अनिवार्य रूप से पूर्ण करें। उन्होंने संभागीय अधिकारियों को स्वयं क्षेत्रों का भ्रमण करने और जमीनी स्तर पर आ रही समस्याओं का तत्काल निराकरण करने के निर्देश दिए गए।

### मिशन मोड में समय पर पूरा करें काम

आयुक्त ने कार्य को सुगम बनाने के लिए आवश्यक तकनीकी और प्रशासनिक सहयोग सुनिश्चित करने की बात कही। उन्होंने कहा कि जनगणना केवल आंकड़ों का संग्रह नहीं है, बल्कि यह भविष्य की जनकल्याणकारी नीतियों का आधार है। सभी अधिकारी इसे मिशन मोड में लें और टीम भावना के साथ कार्य को समय पर पूरा करें।

## दफ्तरों के गलियारे

### बिगड़े बोल से घिरी साहब की कुर्सी



जिले के सबसे बड़े विश्वविद्यालय में एक उच्च पद पर बैठे अधिकारी के कथित अभद्र व्यवहार और भाषा को लेकर विवाद बढ़ता जा रहा है। दफ्तर के गलियारों में यह चर्चा का विषय बना हुआ है कि उनके बिगड़े बोल उनकी कुर्सी पर भारी पड़ेंगे।हाल ही में एक कर्मचारी के साथ उक्त अधिकारी पर अभद्र भाषा के प्रयोग के आरोप लगे हैं। इस घटना के बाद यह भी चर्चा सामने आई है कि उक्त अधिकारी ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। हालांकि विश्वविद्यालय प्रशासन ने अब तक इसकी कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं की है। सूत्रों के अनुसार यह कोई पहली घटना नहीं है, बताया जाता है कि अधिकारी वर्षों से अपने अभद्र व्यवहार और बिगड़े बोल के लिए चर्चाओं में रहे हैं। खासकर गेस्ट फैकल्टी और महिला कर्मचारियों के साथ उनके व्यवहार को लेकर कई बार सवाल उठ चुके हैं।इसके अलावा विश्वविद्यालय की ईसी बैठक में भी उनके कथित दुर्व्यवहार के बाद उन्हें कारण बताओ नोटिस जारी किया गया था। वहीं युवा उत्सव के टीम सह प्रभारी होने के दौरान उनकी भूमिका पर भी सवाल उठे, जहां भुगतान संबंधी अनियमितताओं की समस्याएं भी चर्चा सामने आई थी। इन सभी घटनाओं के बाद अब विश्वविद्यालय मेंअधिकारी और कर्मचारी के बीच में तनाव देखने को मिल रहा है। अब देखना होगा कि क्या इस बार अधिकारी पर क्या कार्यवाही होती है।

### अध्यक्ष साहब तो हवा हो गए...



सूबे की सबसे बड़ी अदालत में काले कोट धारियों की आवाज को पहचान देने बनाई गई सबसे बड़ी परिषद के अध्यक्ष साब अब हवा हो गए......अवकाश के दिन कोर्ट की कुर्सियों पर बैठे दो पदाधिकारी आखिरकार बोल बैठे कि एक समय न्यूज में सुर्खियां बटोरने वाले अध्यक्ष साब को बार के खिलाफ ज़ोर ज़ोर से चिल्लाना भारी पड़ गया। जोश जोश में वकील साहब न्याय व्यवस्था के सबसे बड़े अधिकारी को भी ऊल जुलूल बोल गए। बस फिर क्या था पूरा न्याय जगत उनके खिलाफ खड़ा हो गया। चर्चाओं के मुताबिक अब आलम ये है कि देश की सबसे बड़ी अदालत में उनका पक्ष रखने कोई तैयार नहीं हो रहा है। अध्यक्ष साब सब तरफ से घिरे नजर आ रहे हैं। पद तो चला ही गया और प्रतिष्ठा भी दांव पर लग गई ।

### कॉल वेटिंग में डीएसपी मैडम का नंबर



महकमे की एक डीएसपी मैडम के चर्चे किसी वायरल वीडियो से कम नहीं हैं। मातहतों के बीच दबी जुबान में कुछ ऐसी गुफ्तगू चल रही है। मैडम का फोन नॉट रीचेबल तो नहीं, पर हमेशा बिजी रहता है वे इन दिनों शायद जनता की समस्याएं नहीं, फोन के जरिए अपनी समस्याएं सुलझा रही हैं जिसके चलते वे फील्ड से गायब है। मैडम को लगा था कि उनकी ये फोन भक्ति सिर्फ उन तक सीमित है, लेकिन किसी शुभचिंतक ने बड़े साहब के कान में बात डाल दी है। इसके बाद चर्चा है कि मैडम का फोन रिचार्ज हो न हो, अब उनकी क्लास जरूर रिचार्ज होगी। एक जवान चुटकी लेकर कहने लगा कि हम तो जब देखते है तब मैडम फोन कान से चिपकी रहती है तो दूसरे ने कहा मैडम अंदर एसी में बैठकर फोन की बैटरी फूंक रही हैं। उन्हें गन की जगह अब पावर बैंक अलॉट करवा दो ।तीसरा बोला अगली मीटिंग में जब बड़े साहब पूछेंगे फील्ड की रिपोर्ट क्या है ?, तो कहीं फील्ड की खाक छानना छोड़ चुकी मैडम ये न कह दें कि साहब, नेटवर्क की वजह से रिपोर्ट डाउनलोड नहीं हो पाई।

अमन पटेल, धनंजय श्रीवास्तव, अजहर खान

### डिवाईडर से टकराया युवक, मौत

**जबलपुर।** संजीवनी नगर में एक युवक डिवाईडर से टकरा गया और घायल हो गया जिसे उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज ले जाया गया जहां उसने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। पुलिस के मुताबिक सुशील बर्मन 43 साल निवासी स्टार सिटी नक्षत्रनगर माढोताल ने सूचना दी कि बीती रात्रि 12 बजे करीब उसे पता चला कि छोटे भाई बसंत बर्मन 36 वर्ष निवासी सुभाषनगर मड़फैया चौकी धनवंतरीनगर संजीवनीनगर का मेडिकल अस्पताल में ईलाज चल रहा है तो वह मेडिकल पहुँचा, मेडिकल के कैजुअल्टी विभाग में बसंत का ईलाज चल रहा था ।बसंत के सिर पर चोट लगी हुई थी उसके माथे से खून निकल रहा था ।करीब 3 बजे डाक्टर ने बसंत बर्मन को मृत घोषित कर दिया। प्रारम्भिक पतासाजी पर ज्ञात हुआ कि डिवाईडर से टकराने से बंसत को चोटे आयी थी।


